दैनिक
# उत्तराखण्ड प्रहरी
वर्ष 15 /अंक 98 / पृष्ठ 8
हरिद्वार, मंगलवार, 06 जून 2023
uttarakhandprahari19@gmail.com | e-paper: uttarakhandprahari.com
उत्तराखण्ड का सबसे विश्वसनीय मीडिया पार्टनर
RNI No. : - UTTHIN/2009/27592



आज भारत पीएम मोदी के विजन और मिशन के कारण विश्व...
इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में पुष्पदार ...

मूल्य- 2 रु.

## भारत सभी विकसित देशों के साथ जलवायु न्याय के मुद्दे को मजबूती से उठाता रहा है: मोदी

**नयी दिल्ली, (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि गरीब और विकासशील देश कुछ विकसित देशों की 'गलत नीतियों' की कीमत चुका रहे हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत ऐसे सभी उन्नत और बड़े देशों के साथ जलवायु न्याय के मुद्दे को मजबूती से उठाता रहा है। मोदी ने यहां विश्व पर्यावरण दिवस के एक कार्यक्रम में अपने वीडियो संदेश में कहा कि विश्व जलवायु की सुरक्षा के लिए यह महत्वपूर्ण है कि सभी देश स्वार्थी हितों से ऊपर उठकर सोचें। उन्होंने कहा, ''लंबे समय से बड़े और उन्नत देशों में विकास का मॉडल विरोधाभासी था। इस विकास मॉडल में सोच यह थी कि हम पहले अपने देश का विकास करें, फिर पर्यावरण के बारे में सोचा जा सकता है।'' उन्होंने कहा, ''इससे उन्होंने विकास के लक्ष्य तो हासिल कर लिए लेकिन दुनिया के पर्यावरण को उनके विकास की कीमत चुकानी पड़ी। आज भी दुनिया के विकासशील और गरीब देश कुछ विकसित देशों की गलत नीतियों की कीमत चुका रहे हैं।''



मोदी ने कहा कि दशकों तक विकसित देशों के इस रवैये पर आपत्ति करने वाला कोई नहीं था। उन्होंने कहा, ''मुझे खुशी है कि भारत ने इन सभी देशों के समक्ष जलवायु न्याय का सवाल उठाया है।'' उन्होंने कहा कि भारत अपने विकास के लिए किसी भी अन्य क्षेत्र की तरह बड़े पैमाने पर पर्यावरण पर भी ध्यान केंद्रित कर रहा है। उन्होंने कहा, ''एक तरफ हमने गरीबों को मदद मुहैया कराई है और दूसरी तरफ भविष्य की ईंधन जरूरतों को ध्यान में रखते हुए भी बड़े कदम उठाए हैं।'' उन्होंने कहा कि अगर भारत ने अपने 4-जी और 5-जी दूरसंचार नेटवर्क का विस्तार किया है तो उसने अपने वन क्षेत्र को भी समान स्तर पर बढ़ाया है। उन्होंने कहा, ''इस साल विश्व पर्यावरण दिवस का विषय एकल उपयोग वाले प्लास्टिक (सिंगल-यूज प्लासटिक) से छुटकारा पाना है। यह एक ऐसा मुद्दा है जिसके बारे में दुनिया आज बात कर रही है लेकिन भारत पिछले चार-पांच वर्षों से लगातार इस दिशा में काम कर रहा है।'' उन्होंने कहा, ''2018 में ही भारत ने सिंगल यूज प्लास्टिक से छुटकारा पाने के लिए दो स्तरों पर काम करना शुरू कर दिया था। एक तरफ, हमने इस पर प्रतिबंध लगा दिया और दूसरी तरफ हमने प्लास्टिक अपशिष्ट प्रसंस्करण को अनिवार्य बना दिया।'' मोदी ने कहा कि पिछले नौ साल में भारत ने 'हरित और स्वच्छ ऊर्जा' पर काफी ध्यान केंद्रित किया है। विश्व पर्यावरण दिवस संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) के नेतृत्व में 1973 से प्रतिवर्ष पांच जून को आयोजित किया जाता है। यूएनईपी पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने का सबसे बड़ा वैश्विक मंच है।

## पुल ढहने की घटना के दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई: नीतीश



**पटना, (एजेंसी)।** बिहार में गंगा नदी पर निर्माणाधीन पुल गिरने के एक दिन बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को कहा कि घटना में दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि रविवार को गिरा पुल पिछले साल भी गिरा था।

नीतीश ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा, 'पुल का निर्माण ठीक से नहीं किया जा रहा है और यही कारण है कि यह अप्रैल 2022 से अब तक दो बार गिर गया। यह एक गंभीर मामला है संबंधित विभाग ने पहले ही इसकी गहन जांच शुरू कर दी है। दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।' उन्होंने इस बात पर भी हैरानी जताई कि 2014 में शुरू हुआ पुल निर्माण कार्य अब तक पूरा क्यों नहीं हुआ। नीतीश ने कहा, 'यह समय से पीछे क्यों चल रहा है? मैंने संबंधित विभाग से इसकी भी जांच करने को कहा है। उपमुख्यमंत्री भी घटनाक्रम की निगरानी कर रहे हैं।' वर्ष 2014 से बन रहा 3.16 किलोमीटर लंबा यह पुल 14 महीने में दो बार टूटा, पहली बार अप्रैल 2022 में भागलपुर के सुल्तानगंज की तरफ और दूसरी बार रविवार की शाम खगड़िया की तरफ। घटना के तुरंत बाद उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, जिनके पास पथ निर्माण विभाग का प्रभार भी है। तेजस्वी ने कहा था, ''पिछले साल 30 अप्रैल को इस पुल का एक हिस्सा ढह गया था। इसके बाद हमने एक अध्ययन करने के लिए आईआईटी-रुड़की, जिसे निर्माण मामलों में अपनी विशेषज्ञता के लिए सम्मानित किया जाता है, से संपर्क किया। इसकी अंतिम रिपोर्ट आनी बाकी है, लेकिन संरचना का अध्ययन करने वाले विशेषज्ञों ने हमें सूचित किया था कि इसमें गंभीर खामियां थीं।' तेजस्वी ने इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग करने वाली भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा, 'पिछले साल जब इस पुल का एक हिस्सा आंधी में उड़ गया था, तब राज्य में भाजपा सत्ता में थी।

## कांग्रेस नेता के भाई अवधेश राय की वर्ष 1991 में हुई हत्या के मामले में मुख्तार अंसारी को उम्रकैद

**लखनऊ, (एजेंसी)।** वाराणसी की एक अदालत ने 30 साल से भी अधिक समय पहले हुई कांग्रेस नेता अजय राय के भाई अवधेश राय की हत्या के मामले में गैंगस्टर से राजनेता बने मुख्तार अंसारी को सोमवार को उम्रकैद की सजा सुनाई। एक वकील ने वाराणसी अदालत के बाहर संवाददाताओं को बताया कि सांसद-विधायक (एमपी-एमएलए) अदालत के विशेष न्यायाधीश अवनीश गौतम ने मामले में मुख्तार अंसारी को उम्रकैद की सजा सुनाई। कांग्रेस नेता अजय राय के भाई अवधेश राय की तीन अगस्त, 1991 को उनके वाराणसी के लहुराबीर स्थित आवास के दरवाजे पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में मुख्तार अंसारी और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। अजय राय अब अपनी पार्टी की उत्तर प्रदेश इकाई के क्षेत्रीय प्रमुख हैं। अजय राय ने इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, यह हमारे कई वर्षों के इंतजार का अंत है।



## मसाज पार्लर की आड़ में चल रहा था सेक्स रैकेट, 13 युवतियों का किया रेस्क्यू

उत्तराखंड प्रहरी, संवाददाता

**देहरादून।** मसाज पार्लर की आड़ में चल रहे सेक्स रैकेट का एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम ने राजधानी देहरादून में पर्दाफाश किया है। टीम ने वहां से 13 युवतियों को रेस्क्यू किया। सभी रेस्क्यू की गई युवतियां पुलिस की हिरासत में हैं। जानकारी के मुताबिक उत्तराखण्ड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कांडपाल के नेतृत्व में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट व पुलिस की टीम ने पटेल नगर कोतवाली क्षेत्र में आज मसाज पार्लरों का औचक निरीक्षण किया। जहां से मसाज पार्लर की आड़ में चल सेक्स रैकेट का पर्दाफाश हुआ। जिन तीन पार्लरों पर छामा मारा गया वह सभी लालपुर क्षेत्र में स्थित हैं। जहां से 13 युवतियों का रेस्क्यू किया। कोतवाली पटेल नगर प्रभारी सूर्य भूषण नेगी ने बताया कि एंटह ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के साथ मसाज पार्लर पर छापेमारी की थी। जहां छापेमारी के दौरान सेक्स रैकेट चल रहा था। बताया कि अभी मामले में जांच की जा रही है। किसी की गिरफ्तार नहीं की गई है। बताया कि वहां से आपत्तिजनक सामान बरामद किया है। वहां कुछ लोग पुलिस टीम को देखकर भाग निकले, जिनकी पुलिस तलाश में जुटी है।



बजरंग ने ट्वीट किया, आंदोलन वापिस लेने की खबरें कोरी अफवाह है। ए खबरें हमें नुकसान पहुंचाने के लिए फैलाई जा रही है।

## साक्षी और बजरंग ने आंदोलन से पीछे हटने की खबरों को खारिज किया

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** भारतीय कुश्ती महासंघ के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण सिंह के खिलाफ पिछले एक महीने से अधिक समय से जारी प्रदर्शन की अगुवाई कर रहे ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया ने आंदोलन से पीछे हटने की खबरों को खारिज करते हुए कहा है कि इंसाफ मिलने तक लड़ाई जारी रहेगी।



रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साक्षी ने ट्वीट किया, ए खबर बिल्कुल गलत है। इंसाफ की लड़ाई में ना हम में से कोई पीछे हटा है और ना हटेगा। उन्होंने आगे लिखा, सत्याग्रह के साथ साथ रेलवे में अपनी जिम्मेदारी निभा रही हूं। इंसाफ मिलने तक हमारी लड़ाई जारी है। कृपया कोई गलत खबर ना चलाई जाए।

वहीं तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता बजरंग ने ट्वीट किया, आंदोलन वापिस लेने की खबरें कोरी अफवाह है। ए खबरें हमें नुकसान पहुंचाने के लिए फैलाई जा रही है। उन्होंने आगे लिखा, हम न पीछे हटे हैं और न ही हमने आंदोलन वापिस लिया है। महिला पहलवानों की एफआईआर वापस लेने की खबर भी झूठी है। इंसाफ मिलने तक लड़ाई जारी रहेगी।

उत्तराखंड प्रहरी
विज्ञापन बुक कराएं
वैवाहिक
शिक्षा
रोजगार
संपत्ति
श्रद्धांजलि
व्यावसायिक
स्मरण
बर्थ-डे पार्टी के लिए संपर्क करें।
नोट: संबंधित खबरें भी प्रकाशित होंगी।
संपादक: सुमित तिवारी
uttarakhandprahari19@gmail.com या whatsup no 8077771906 पर भी भेज सकते हैं।

# आज भारत पीएम मोदी के विजन और मिशन के कारण विश्वभर में अपनी अलग पहचान बना चुका है

उत्तरखंड प्रहरी, ब्यूरो

**हरिद्वार।** मोदी सरकार के कार्यकाल के 9 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा की ओर से हरिद्वार बाईपास रोड स्थित एक होटल में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में गुजरात के पूर्व उपमुख्यमंत्री नितिन पटेल सहित हरिद्वार सांसद नरेश पोखरियाल निशंक, कई विधायक पूर्व विधायक एवं पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रेस वार्ता के दौरान गुजरात के पूर्व उपमुख्यमंत्री नितिन पटेल ने कहा कि आज देश में बड़े बड़े कार्यों का प्रचार तो खूब होता है, किन्तु प्रत्यक्ष रूप से जनहित से जुड़े विकास कार्यों, उनकी प्रगति का पता आम जनता तक नहीं पहुंच पाता। इसलिए भारतीय जनता पार्टी केंद्र की मोदी सरकार के 9 वर्ष की उन उपलब्धियों व योजनाओं को 140 करोड़ भारतवासियों तक पहुंचाने के लिए महा जनसंपर्क अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 9 सालों में जितना विकास कार्य हुआ उतना गैर भाजपा सरकारों के 60 सालों में नहीं हुआ। आज भारत आत्मनिर्भर भारत बना है तो वह प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के दूर दृष्टिकोण का नतीजा ही है। यही कारण है कि 140 करोड़ की आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रधानमन्त्री मोदी को आज विकसित देशों के

- मोदी सरकार के 9 सालों में जितना विकास कार्य हुआ उतना गैर भाजपा सरकारों के 60 सालों में नहीं हुआ
- आज भारत आत्मनिर्भर भारत बना है तो वह प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के दूर दृष्टिकोण का नतीजा ही है




शासनाध्यक्ष भी उचित मान सम्मान देते हैं, जो न केवल एक प्रधानमन्त्री का सम्मान है बल्कि पूरे भारत वर्ष के लोगों का है। उन्होंने कहा कि पूरे विश्व ने देखा कि कैसे करोना काल में विकट परिस्थितियों में भी प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी ने देश को संभाला। उन्होंने कहा कि जब बड़े-बड़े देश अपने यहां वैक्सीन के ऊंचे दाम ले रहे थे तब अपने ही देश में वैक्सीन का निर्माण कर बिना कीमत के सभी राज्यों को प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराकर कई जिदंगियां बचाई। यही नहीं अपितु विदेशों मे भी उसकी खेप पहुंचाई, जिस कारण वे सभी देश जो कोराना की विभीषिका से त्रस्त थे उन्हें वैक्सीन देकर वहा के लोगो की जाने भी बचाई आज वह देश मोदी के उस ऋण को मानते हैं। उन्होंने कहा कि कोराना के वक्त बंद पड़े रोजगार, व्यापार, नौकरियों के कारण किसी को भी भूखा ना सोना पड़े इसकी भी उन्होंने उचित व्यवस्था की। पूरे दो साल तक कई करोड़ भारतवासियों को मुफ्त अनाज मुहैया कराया। आज चाहे जनधन के माध्यम से, चाहे किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से चाहे किसान सब्सिडी हो या उज्जवला योजना हो, चाहे आयुष्मान योजना हो या प्रधानमन्त्री आवास योजना सभी के तहत हर भारतवासियों तक उचित लाभ पहुंचाने का कार्य इन पिछले 9 वर्ष के कार्यकाल के दौरान मोदी सरकार ने किया। उन्होंने टिहरी बांध के विषय में बताते हुए कहा कि कल मैं वहां गया तो मुझे बताया गया कि कैसे अब तक यह डैम 1450 मेगावाट बिजली का उत्पादन करता है, किन्तु बहुत जल्द ही इसमें 1 हजार मेगावाट का अतिरिक्त उत्पादन हो सकेगा जिससे कुल 2450 मेगावाट बिजली का उत्पाद प्रतिदिन होने लगेगा। उन्होंने गुजरात के नर्मदा बांध से होने वाले बिजली उत्पादन का जिक्र करते हुए कहा कि वह भी काफी बड़ा डैम है फिर भी उसने कुल 1250 मेगावाट का उत्पादन होता है। इससे पूर्व हरिद्वार सांसद डॉ रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि आज भारत प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के विजन और मिशन के कारण विश्वभर मे अपनी अलग पहचान बना चुका है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 9 साल की उपलब्धियां पिछले 60 साल पर भारी रही। आज प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देश पर मोदी सरकार की 9 सालों की उपलब्धियों एवं विकास कार्यों को जनता तक पहुंचाने एवं जनता हित की सभी योजनाओं के प्रसार प्रचार के लिए पार्टी राष्ट्रीय स्तर पर महा जनसंपर्क अभियान चला रही है।

## डाक्टर के खिलाफ सडक़ पर हिंदू संगठन

**मैहतपुर।** जिला ऊना के मैहतपुर कस्बा में एक निजी अस्पताल के चिकित्सक द्वारा भगवान शिव के खिलाफ की गई अशील व भद्दी टिप्पणी को लेकर हिंदु संगठन भडक़ उठे हैं। सोमवार को हिंदु संगठनों के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने मैहतपुर में रोष रैली निकाली। इस दौरान भडक़ी भीड़ ने जहां अस्पताल के बाहर चिकित्सक का पूतला फूंका, वहीं लोगों ने अस्पताल में तोडफ़ोड़ तक कर डाली। साथ ही अस्पताल के ऊपर भगवा झंडे लगा दिए। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन द्वारा पहले ही भारी पुलिस बल की तैनाती कर दी गई थी और पुलिस टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद भीड़ को काबू किया। विभिन्न हिंदू संगठनों के प्रतिनिधियों, व्यापार मंडल के पदाधिकारियों, स्थानीय दुकानदारों व ग्रामीणों ने रोष प्रदर्शन में शामिल होकर निजी अस्पताल के संचालक को कड़ी सजा देने की मांग करते हुए उसके खिलाफ जमकर नारेबाजी की। हिंदू संगठनों के प्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन से इस मामले की गहनता से जांच करने की मांग करते हुए प्रशासन को चेतावनी दी है कि इस मामले में न्याय न मिलने पर शीघ्र ही इस रोष प्रदर्शन को जिला स्तर सहित पूरे प्रदेश में किया जाएगा। उधर थाना प्रभारी मनोज कौंडल की अगुवाई में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा तथा गर्म माहौल वाली स्थिति को नियंत्रण में बनाए रखा।

## देहरादून में जिला स्तरीय स्टेरिंग समिति की प्रथम बैठक ऋषिपर्णा सभागार में आयोजित



जिला स्तरीय स्टेरिंग समिति की बैठक लेती जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका।

उत्तराखंड प्रहरी, संवाददाता

**देहरादून।** जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्टेरिंग समिति की प्रथम बैठक ऋषिपर्णा सभागार में आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय साक्षरता नीति 2020 के तहत 2026 तक कक्ष 3 स्तर तक के बच्चों के लिए आधारभूत कौशल सुनिश्चित करने, बच्चों में सक्षम परिवेश का निर्माण करने आदि समस्त बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत दिए गए उद्देश्यों एवं लक्ष्य के अन्तर्गत बच्चे के शैक्षणिक प्रदर्शन में सुधार सहित 03 से 06 वयवर्ग में बच्चों सीखने की क्षमता विकसित करने पर ध्यान केनद्रित कर कार्य करें। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागों को निर्देशित किया कि विभाग आपसी समन्वय करते हुए कार्यक्रम क्रियान्वयन करें। उन्होंने चिकित्सा विभाग को बच्चों की समय-समय पर शारीरिक जांच एवं स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी प्रदान करने तथा टीकाकरण करने। पंचायत विभाग के सहयोग से सामुदायिक सहभागिता के साथ जनसमुदाय में प्रचार-प्रसार करने हेतु महिला मंगल दल, एनसीसी कैडेट, एनएसएस वॉलिंटियर, सेवानिवृत्त शिक्षकों व्यक्तियों के सहयोग किया जाए।

अभिभावकों को समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रदत्त विभिन्न योजनाओं एवं छात्रवृत्ति के बारे में जानकारी प्रदान करने के निर्देश दिए। बाल विकास विभाग को आंनबाड़ी केन्द्रो के बच्चों को पोषण, पूर्व प्रारम्भिक शिक्षा देना और जनसमुदाय में स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी हेतु प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। कोर्डिनेटर डॉ भारती नौटियाल ने प्रजेन्टशन के माध्यम से 'निपुण भारत' राष्ट्रीय साक्षरता एवं संख्या ज्ञान दक्षता पहल आधारभूत साक्षरता एवं संख्या के सम्बन्ध में कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी आर.एस रावत, सहायक निदेशक सूचना बी.सी नेगी, कोर्डिनेटर डॉ भारती नौटियाल सहित समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## डीपीएस रानीपुर में राज्य स्तरीय सम्मेलन और संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया

उत्तराखंड प्रहरी, ब्यूरो



- प्रधानाचार्यो के माध्यम से विद्यार्थियों के लिए डिजिटल कंटेंट बनाने के लिए हर सम्भव सहायता प्रदान की जाएगी
- प्रधानाचार्यो को सभी शैक्षणिक संसाधनों को पूर्ण कर निर्धारित नियमों के अन्तर्गत कार्य करने की सलाह दी

**हरिद्वार।** डीपीएस रानीपुर में सीबीएसई क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून के तत्वावधान में भारत द्वारा जी - 20 की अध्यक्षता ग्रहण करने के उपलक्ष्य में मूलभूत साक्षरता और अंकज्ञान एवं शिक्षा के क्षेत्र में जनभागीदारी विषय पर राज्य स्तरीय सम्मेलन एवं संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में सीबीएसई देहरादून के क्षेत्रीय अधिकारी रणबीर सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ स्वागतगीत एवं दीपप्रज्ज्वलन के साथ किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. अनुपम जग्गा ने सभी अतिथियों एवं प्रधानाचार्यों का स्वागत करते हुए पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिवादन किया।

कार्यक्रम के प्रथम सत्र में सीबीएसई देहरादून के क्षेत्रीय अधिकारी रणबीर सिंह ने राष्ट्रीय शिक्षानीति के विभिन्न बिन्दुओं पर प्रकाश डालते हुए 1992 के बाद शिक्षा में होने वाले महत्त्वपूर्ण परिवर्तन एवं चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की तथा बताया कि इसके द्वारा विद्यालयों में उत्कृष्ट एवं सुलभ शैक्षिक वातावरण का निर्माण होगा साथ ही उन्होंने प्रधानाचार्यो को सभी शैक्षणिक संसाधनों को पूर्ण कर निर्धारित नियमों के अन्तर्गत कार्य करने की सलाह दी। उन्होंने इस नवीन प्रणाली को लागू करने में किसी प्रकार की सहायता के लिए हमेशा उपलब्ध होने तथा सीबीएसई के सभी विद्यालयों को हर सम्भव सहायता एवं मार्ग दर्शन देने के लिए प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर पर सीबीएसई देहरादून के सीईओ संजय सुयाल ने भी डिजिटल सीबीएसई के बारे में बताया तथा कहा कि प्रधानाचार्यो के माध्यम से विद्यार्थियों के लिए डिजिटल कंटेंट बनाने के लिए हर सम्भव सहायता प्रदान की जाएगी। संगोष्ठी के अगले चरण में मुज्फ्फरनगर की सिटी कॉर्डिनेटर अनिता दत्ता ने मूलभूत साक्षरता और अंकज्ञान विषय पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए शैक्षिक ढांचे, शिक्षा तक आम जन की पहुंच, प्राथमिक स्वास्थ्य, आदि तथ्यों पर प्रकाश डाला। हरिद्वार जनपद के सीबीएसई सिटी कॉर्डिनेटर एवं डीपीएस रानीपुर के प्रधानाचार्य डॉ. अनुपम जग्गा ने नई शिक्षानिति के सभी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए प्रतिभागी प्रधानाचार्यो के सभी प्रश्नों एवं जिज्ञासाओं का निवारण किया। उन्होंने रोचक चलचित्रों के द्वारा बस्तारहित शिक्षा एवं एनईपी की रचनात्मक गतिविधियों के उदाहरण देते हुए सभी को नए जज्बे से आगे बढ़ने एवं शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार अपनाने के लिए प्रेरित किया। पाईनवुड स्कूल सहारनपुर के प्रधानाचार्य संजय जैन ने जी-20 में भारत की भागीदारी एवं भविष्य में होने वाले वैश्विक संदर्भो पर प्रकाश डालते हुए विस्तार से चर्चा की। इस संगोष्ठी के अन्तर्गत जी-20 विषय पर एक कला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें डीपीएस रानीपुर के बच्चों ने बढ़चढ कर हिस्सा लिया तथा पुरस्कार जीते। रणबीर सिंह एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।



# पर्यावरण को स्वच्छ एवं शुद्ध रखना हमारी जिम्मेदारी है: डॉ. हर्ष कुमार दौलत

उत्तराखंड प्रहरी

**हरिद्वार।** लालढांग स्थित कुंवर प्रभा पीजी कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। जिसमें पर्यावरण संबंधित समस्याओं एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन भी हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव डॉ. के.पी. सिंह ने किया।



कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने भी प्रतिभाग करते हुए पर्यावरण से संबंधित मुद्दों पर अपनी बात रखी। डॉ. के.पी. सिंह ने पर्यावरण को संरक्षित करने एवं अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने को कहा। साथ ही प्रबंध समिति के प्रशासक एवं सलाहकार डॉ. हर्ष कुमार दौलत ने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ एवं शुद्ध रखना हमारी जिम्मेदारी है। महाविद्यालय के प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि हमें दैनिक जीवन में उपयोग होने वाले प्लास्टिक, वन टाइम यूज होने वाले प्लास्टिक पर बहुत तेजी से विराम लगाना होगा।

कार्यक्रम के आयोजक वनस्पति विज्ञान विभाग के प्रभारी ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग के कारण हमारा वातावरण खराब होता जा रहा है जिसका सीधा प्रभाव कृषि एवं जीवनदायिनी औषधि इत्यादि पर हो रहा है प्रत्येक व्यक्ति को एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए। कार्यक्रम के उपरांत महाविद्यालय प्रबंधन तंत्र, प्राचार्य, विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान एवं छात्र-छात्राओं द्वारा बॉटनिकल गार्डन में विभिन्न पौधों का वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं, शिक्षण एवं शिक्षणेतर कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।



# विश्व पर्यावरण दिवस : धर्मनगरी हरिद्वार में अधिकारियों से लेकर संस्थाओं ने रोप पौधे

वासुदेव राजपूत, ब्यूरो

**हरिद्वार।** जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सोमवार को कलक्ट्रेट परिसर में पर्यावरण के संरक्षणार्थ पौंधारोपण किया। जिलाधिकारी ने इस मौके पर पेड़-पौंधों के महत्व का उल्लेख करते हुये कहा कि पेड़-पौधों का असर जलवायु परिवर्तन व वर्षा पर भी पड़ता है।

उन्होंने कहा कि इधर कुछ समय से वर्षा का स्वरूप बदलने से यह देखने में आ रहा है कि बेमौसम सामान्य से अधिक या कम वर्षा होने से कृषि, वानिकी आदि अनेक आर्थिक गतिविधियों पर असर पड़ रहा है। इसलिये हम सभी की यह जिम्मेदारी है कि पर्यावरण के संरक्षण के लिये अधिक से अधिक पेड़-पौंधे लगाने के साथ ही पौंधों की सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान रखा जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी ( वित्त एवं राजस्व ) बीर सिंह बुदियाल, अध्यक्ष नगरपालिका परिषद राजीव शर्मा, आपदा प्रबन्धन अधिकारी मीरा रावत सहित बड़ी संख्या में आपदा मित्र सहित सम्बन्धित पदाधिकारी एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।



## हम सभी की यह जिम्मेदारी है कि पर्यावरण के संरक्षण के लिये अधिक पेड़-पौंधे लगायें : डॉ. अनुपम जग्गा

**हरिद्वार।** डीपीएस रानीपुर में विश्व पर्यावरण दिवस मनाते हुए बच्चों ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिसमें बॉल डांस, स्केटिंग, साईकिलिंग के प्रदर्शन से दर्शकों का मन मोह लिया। डीपीएस रानीपुर के पीवीसी सुनील सोमानी, प्रधानाचार्य डॉ. अनुपम जग्गा सहित सभी विशिष्ठ अतिथियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया साथ ही बच्चों की साईकल रैली को भी हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया जिन्होंने नगर में घूम कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर डीपीएस रानीपुर के पीवीसी सुनील सोमानी ने प्रकृति को संरक्षित करना बहुत आवश्यक है, का आह्वान किया। पेड़-पौंधों के महत्व का उल्लेख करते हुये कहा कि पेड़-पौधों का असर जलवायु परिवर्तन व वर्षा पर भी पड़ता है। प्रधानाचार्य डॉ. अनुपम जग्गा ने कहा की कुछ समय से वर्षा का स्वरूप बदलने से यह देखने में आ रहा है कि बेमौसम सामान्य से अधिक या कम वर्षा होने से कृषि, वानिकी आदि अनेक आर्थिक गतिविधियों पर असर पड़ रहा है। इसलिये हम सभी की यह जिम्मेदारी है कि पर्यावरण के संरक्षण के लिये अधिक से अधिक पेड़-पौंधे लगाने के साथ ही पौंधों की सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान रखा जाये।

# हमें ऐसी शिक्षा की आवश्यकता है जो प्रकृति के प्रति सम्मान एवं अखण्डता का भाव जागृत करें : डॉ. अनिता रावत


उत्तराखंड प्रहरी



**हरिद्वार।** सोमवार को एसएमजेएन (पीजी) कॉलेज में विश्व पर्यावरण दिवस पर उत्तराखण्ड विज्ञान शिक्षा एवं शोघ केन्द्र, (यूसर्क) देहरादून, एवं महाविद्यालय के पर्यावरण प्रकोष्ठ तथा आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में 'सोल्यूशन टू प्लास्टिक पोलूशन' विषयक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन मुख्य अतिथि डॉ. अनिता रावत, निदेशक, उत्तराखण्ड विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान केन्द्र, देहरादून, कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सुनील कुमार बत्रा द्वारा सरस्वती वंदना व द्वीप प्रज्जवलित करके किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. अनिता रावत, निदेशक, उत्तराखण्ड विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान केन्द्र, देहरादून ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमारी जीवन शैली ऐसी होती जा रही है जिसमें संस्कारों को पीछे छोड़ा जा रहा है, लेकिन एसएमजेएन (पीजी) कॉलेज, हरिद्वार ने ऐसे संस्कारों को जीवित रखा हैं। डॉ. रावत ने कहा कि हमें ऐसी शिक्षा की आवश्यकता है जो प्रकृति के प्रति सम्मान एवं अखण्डता का भाव जागृत करें। उन्होंने कहा कि अगर हम प्लास्टिक के निस्तारण का मार्ग नहीं खोजेंगे तो आने वाली पीढ़ियों के लिए गम्भीर समस्या उत्पन्न हो जायेंगी। डॉ. ओम प्रकाश नौटियाल, वैज्ञानिक यूसर्क ने अपने सम्बोधन में कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण, एवं भोजन को प्रदूषित करता है।

हमें प्लास्टिक के अत्यधिक प्रयोग से बचना चाहिए। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सुनील कुमार बत्रा ने सभी अतिथियों को धन्यवाद प्रेषित करते हुए कहा कि यूसर्क एवं सीपेट के माध्यम से छात्राओं में स्किल के प्रति जागरूकता उत्पन्न होगी तथा भविष्य में छात्र छात्राओं को सीपेट के स्किल आधारित कार्यक्रमों से जोड़ा जायेगा। इससे पूर्व कालेज के छात्र-छात्राओं द्वारा मॉडल प्रतियोगिता व पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।




# मेगा ट्री प्लांटेशन ड्राइव की हरिलोक कालोनी से शुरुआत



**हरिद्वार।** एलायंस क्लबस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट हरिद्वार ने विश्व पर्यावरण दिवस अवसर पर मेगा ट्री प्लांटेशन ड्राइव की हरिलोक कालोनी से शुरुआत की। नीम और अशोक के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर श्रीराम गुप्ता, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के अतिरिक्त, मनोज शर्मा डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट सचिव और जुर्स क्लब के भुवन चंद्र पंत, टी एन शर्मा, श्याम सुंदर वाधवा, रिशी पाल शर्मा आदि अनेक कालोनी निवासी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर श्रीराम गुप्ता ने अनौपचारिक चर्चा में बताया कि मेगा ट्री प्लांटेशन ड्राइव जून और जुलाई माह में किया जायेगा। डिस्ट्रिक्ट के अलावा, सभी 22 होम क्लबस अपने क्षेत्रों में पौधा रोपण कार्य करेंगे। ज्यादा पेड़ लगाने वाले को सम्मानित करने की भी योजना है । पर्यावरण संरक्षण एलायंस क्लब का नैतिक दायित्व है। इस अवसर पर सभी को मिष्ठान वितरण भी किया गया ।

## एसएसपी के नेतृत्व में पुलिस कार्यालय, लाइन, थानों और चौकियों में वृक्षारोपण किया

**हरिद्वार।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर, पुलिस कार्यालय एवं पुलिस लाइन रोशनाबाद के साथ-साथ जनपद के विभिन्न थाना-चौकी क्षेत्रों में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित कर धरती को बचाए रखने एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। पुलिस कार्यालय/लाइन रोशनाबाद में आयोजित कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए एसएसपी अजय सिंह, एसपी क्राइम रेखा यादव, सीओ लाइन जूही मनराल, सीओ ज्वालापुर निहारिका सेमवाल एवं अन्य पुलिस सहकर्मियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। उक्त के अतिरिक्त जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में सम्बन्धित सर्किल ऑफिसर्स एवं कोतवाली/थाना प्रभारीगण द्वारा मातहत के सहयोग से वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया गया।



# सभी को पर्यावरण संरक्षण के लिए संकल्पित होना चाहिए : रवि बाबू शर्मा

उत्तराखंड प्रहरी



**हरिद्वार।** पर्यावरण दिवस के अवसर पर हरिद्वार विकास समिति के संयोजन में पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त और संरक्षित करने का सन्देश दिया गया। इस अवसर पर ललताराव पुल के समीप उद्यान में समिति के द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। पर्यावरण दिवस पर हरिद्वार विकास समिति के वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित हरिद्वार कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुकेश थलेड़ी एवं रामानंदीय वैष्णव मंडल हरिद्वार के अध्यक्ष महंत विष्णुदास ने संयुक्त रूप से कहा की वर्तमान समय में स्वस्थ जीवन जीने के लिए आवश्यक है की सभी जनमानस अपने स्तर से पर्यावरण को साफ़ सुथरा रखने के लिए छोटे-छोटे प्रयास निरंतर करता रहे और पर्यावरण की आत्मा वृक्षों का रोपण समय समय पर करता रहे। समिति के अध्यक्ष रवि बाबू शर्मा ने कहा की आज पर्यावरण दिवस पर सभी को पर्यावरण संरक्षण के लिए संकल्पित होना चाहिए। श्री राम नाम विश्व बैंक के अध्यक्ष पंडित सुमित तिवारी ने बताया कि विश्व की सबसे बड़ी समस्या ग्लोबल वार्मिंग का हल सिर्फ प्राकृतिक संतुलन को बनाकर ही दूर किया जा सकता है।

जिसका सबसे महत्वपूर्ण कार्य है पेड़ लगाना तथा उन्हें संरक्षित करना तभी मनुष्य और प्रकृति का विकास संभव है। वृक्षारोपण करने वालों में मुख्य रूप से महंत दुर्गादास, महंत प्रमोद दास, महंत हितेश, संदीप कुमार, भाजपा नेता गौरव भारद्वाज, रोहित शुक्ला, अनिल शर्मा, मोती बाजार व्यापार मंडल के महामंत्री माधव बेदी, माँ लक्ष्मी व्यापार मंडल के महामंत्री जतिन सोढ़ी, वैश्य समाज के कोषाध्यक्ष राघव मित्तल, मोहित गर्ग, जसवीर सिंह राणा, मोहित गौड कांग्रेस अनुसूचित मोर्चा के वार्ड अध्यक्ष राकेश तेश्वर आदि उपस्थित थे।



## ग्राम पंचायत अतमलपुर बौगला में ली गई पर्यावरण बचाने की शपथ

**हरिद्वार।** बहादराबाद के बौगला में 5 जून को पंचायत घर परिसर में ग्राम प्रधान नीरज चौहान की मौजूदगी में ग्राम पंचायत सदस्य, आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं गांव के जिम्मेदार व्यक्तियों के साथ में मिलकर पर्यावरण दिवस पर अपने पर्यावरण को बचाने की प्रतिज्ञा ली। प्रत्येक व्यक्ति ने शपथ लेते हुए कहा है। कि मैं पर्यावरण की रक्षा के लिए अपने दैनिक जीवन में हर संभव बदलाव करने की प्रतिज्ञा करता हूं। मै पर्यावरण के अनुकूल आदतों के महत्व के बारे में अपने परिवार, दोस्तों और अन्य लोगों को लगातार प्रेरित करने के लिए भी प्रतिबद्ध हूं। ग्राम प्रधान नीरज चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि पेड़-पौधों का मानव जीवन में बड़ा महत्व है। ये हमें न सिर्फ ऑक्सीजन देते हैं। बल्कि तमाम प्रकार के फल-फूल, जड़ी बूटियां और लकड़ियां आदि भी देते हैं। घर के आसपास पौधरोपण करने से गर्मी, भू क्षरण, धूल आदि की समस्या से बच सकते हैं। इस प्रकार पेड़ पौधे लगाकर हम अपने पर्यावरण को बचा सकते हैं इस कार्यक्रम में उधम सिंह चौहान, परमेंद्र नारायण, अनुज चौहान, बबीता, मंजू, अंकुर चौहान, अंशुल चौहान, मयूर प्रताप, अक्षय चौहान आदि लोग उपस्थित रहे।

## इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में पुष्पदार छायादार फलदार पौधारोपण किया

उत्तराखंड प्रहरी

**हल्द्वानी।** एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू मार्गदर्शक वन अनुसंधान केन्द्र प्रभारी मदन सिंह बिष्ट के नेतृत्व में संस्था के माध्यम से पृथ्वी को स्वच्छ एवं हरा भरा रखने के लिए विश्व पर्यावरण दिवस पर संस्था पदाधिकारियों ने हल्द्वानी गौलापार स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में पुष्पदार छायादार फलदार पौधारोपण किया। इस दौरान एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था उपाध्यक्ष लोकेश कुमार साहू सदस्य प्रीति आर्या ने संयुक्त रुप से कहा कि सर्वप्रथम लाभ तो वृक्ष शब्द से ही लगने लगता है इसलिए पर्यावरण और मानव का संबंध बहुत ही घनिष्ठ है। इस दौरान पौधारोपण करने में संस्था संरक्षक रुपेन्द्र नागर, अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू, उपाध्यक्ष लोकेश कुमार साहू, कोषाध्यक्ष बलराम हालदार, मार्गदर्शक मदन बिष्ट, हेमन्त कुमार साहू, समाज सेविका योगिता बनोला, रितिक साहू, प्रीति आर्या, केशव बोरा, शिवम शर्मा, अशोक कुमार बाल्मीकि, नवल आर्या, सूरज मिस्त्री, पूजा आर्या, सुशील राय, दीपक कुमार, रोहतास प्रजापति, संदीप यादव, मुकेश कुमार, सूरज कुम्हार आदि लोग उपस्थित रहे।



## उत्तराखण्ड राज्य बास्केटबॉल चैंपियनशिप में आचार्यकुलम का दबदबा

उत्तराखंड प्रहरी, संवाददाता



**हरिद्वार।** पिछले दिनों संपन्न हुई उत्तराखण्ड राज्य बास्केटबॉल चैंपियनशिप प्रतियोगिता (अंडर-16) में बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में परम पूज्य स्वामी रामदेव जी महाराज व परम श्रद्धेय आचार्य बालकृष्ण जी महाराज के आर्शीवाद से आचार्यकुलम् के छात्र- छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

बालक वर्ग में फाइनल मैच हरिद्वार व रूड़की के बीच खेला गया। इस रोचक मुकाबले में हरिद्वार ने रूड़की को 63-45 से मात देकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। वहीं बालिका वर्ग में फाइनल मैच हरिद्वार व देहरादून के बीच खेला गया जिसमें कड़ी टक्कर देते हुए हरिद्वार की टीम ने 52-32 से विजय प्राप्त की।

दोनों मुकाबलों में आचार्यकुलम् का बड़ा योगदान रहा। छात्रों में अनमोल, पीयूष, युवराज व असीम तथा छात्राओं में ॠद्धिमा गुलाटी, तारा, सहज, आरोही पंवार, शाम्भवी तथा गौरवी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम ऊँचा किया। छात्र- छात्राओं की इस सफलता पर आदरणीया उपाध्यक्षा महोदया डॉक्टर ॠतम्भरा जी ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राचार्या श्रीमती आराधना कॉल जी ने छात्र- छात्राओं को बधाई दी और इस उपलब्धि पर हर्ष प्रकट किया।



## डा. विशाल गर्ग के संयोजन में हिंदू युवा वाहिनी ने सीएम योगी का जन्म दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया

कार्यकर्ताओं ने शनि मंदिर में पूजा अर्चना कर योगी आदित्यनाथ की दीर्घायु की कामना की

**हरिद्वार,(उत्तराखंड प्रहरी)।** हिंदू युवा वाहिनी के संरक्षक समाजसेवी डा.विशाल गर्ग के संयोजन में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्म दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने टिबड़ी स्थित शनि मंदिर में पूजा अर्चना की और केक काटकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दीर्घायू की कामना की। इस अवसर पर डा.विशाल गर्ग ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यूपी को भ्रष्टाचार मुक्त करने का अभियान चला रहे हैं। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास के नए पथ पर अग्रसर है। हिंदू हितों को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ निर्णायक भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश अपराध मुक्त प्रदेश बन रहा है। प्रदेश अध्यक्ष लक्की वर्मा एवं जिला अध्यक्ष पंडित परमिंदर कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री हिंदूओं के संरक्षण संवर्द्धन में भरसक प्रयास कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश अपराध मुक्त हो रहा है। कानून व्यवस्था बेहतर होने से महिलाएं और युवतियां अपने आपको सुरक्षित महसूस कर रही हैं। इस अवसर पर सुमित, विक्की, अंश मल्होत्रा, मोतीराम, अजय, अंकित, आकाश, अंशु शर्मा, अरविन्द, अनिल आदि शामिल रहे।

# श्रीलंका ने अफगानिस्तान को हराकर सीरीज बराबर की




**हंबनटोटा, (वार्ता)।** श्रीलंका ने रविवार को दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में अफगानिस्तान को 132 रन से हराकर तीन मैचों की शृंखला में 1-1 से बराबरी कर ली। मेज़बान टीम ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए डिमुथ करुणारत्ने (52) और कुसल मेंडिस (78) के अर्द्धशतकों की मदद से अफगानिस्तान के सामने 324 रन का लक्ष्य रखा। इसके जवाब में अफगानिस्तान हशमतुल्लाह शाहिदी (57) और इब्राहीम ज़ादरान (54) के अर्द्धशतकों के बाद भी 191 रन पर ऑलआउट हो गयी।

श्रीलंका की इस जीत में योगदान देते हुए वानिंदू हसरंगा और धनन्जय डी सिल्वा ने तीन-तीन विकेट लिये, जबकि दुश्मंता चमीरा ने दो विकेट चटकाये। महीष तीक्षणा को एक सफलता हासिल हुई। श्रीलंका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का चुनी और करुणारत्ने ने पथुम निसंका के साथ पहले विकेट के लिये 82 रन की साझेदारी की। निसंका ने 56 गेंद पर छह चौकों की मदद से 43 रन बनाये, जबकि करुणारत्ने ने 62 गेंद पर 52 रन की पारी खेली। अफगानिस्तान के स्पिनरों ने इन दोनों बल्लेबाजों को पवेलियन लौटाया लेकिन इसके बाद मेंडिस ने पिच पर पांव जमा लिये।

मेंडिस ने 75 गेंद पर सात चौकों और एक छक्के की मदद से 78 रन बनाते हुए सदीरा समरविक्रमा के साथ 88 रन की साझेदारी की। समरविक्रमा ने भी पांच चौकों की सहायता से 44 रन का योगदान दिया। चरित असलंका (12 गेंद, छह रन) भले ही छोटे स्कोर पर आउट हो गये, लेकिन डी सिल्वा (24 गेंद, 29 रन), दसुन शनाका (13 गेंद, 23 रन) और हसरंगा (12 गेंद, 29 रन) ने अंत में तेजी से रन जोड़ते हुए श्रीलंका को 300 रन के पार पहुंचा दिया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान कभी भी जीत की ओर बढ़ती हुई नहीं लगी। मेहमान टीम ने रहमानुल्लाह गुरबाज़ का विकेट गंवाने के साथ सिर्फ 10 ओवर में सिर्फ 33 रन जोड़े। इब्राहीम ने रहमत शाह (42 गेंद, 36 रन) के साथ 51 रन की जबकि हशमतुल्लाह के साथ 84 रन की साझेदारी की, हालांकि रनगति धीमी होने के कारण अफगानिस्तान पर दबाव बढ़ता गया। अफगानिस्तान के लिये सर्वाधिक रन बनाने वाले हशमतुल्लाह ने 62 गेंद पर 57 रन बनाये, जबकि इब्राहीम ने 75 गेंद पर 54 रन की पारी खेली। इब्राहीम के रूप में अफगानिस्तान का तीसरा विकेट 146 रन पर गिरने के बाद टीम को 19.3 ओवर में 177 रन की जरूरत थी। रनगति के दबाव में अफगानिस्तान के आखिरी सात विकेट सिर्फ 45 रन के अंदर गिर गये और पूरी टीम 191 रन पर ढेर हो गयी। श्रीलंका ने इस जीत के साथ शृंखला बराबर कर ली है। सीरीज का तीसरा और निर्णायक मैच बुधवार को खेला जायेगा।

# रिकॉर्ड 17वीं बार रोलां गैरो के क्वार्टरफाइनल में नडाल



**पेरिस, (वार्ता)।** सर्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी और 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच ने 23वें ग्रैंड स्लैम खिताब की ओर कदम बढ़ाते हुए रविवार को फ्रेंच ओपन के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। कोर्ट फिलिप चैट्रियर पर खेले गये मुकाबले में जोकोविच ने पेरू के हुआन पाबलो वारिलास को 6-3, 6-2, 6-2 से मात दी। जोकोविच मात्र एक घंटे 57 मिनट चले मैच में अपने प्रतिद्वंद्वी पर पूरी तरह हावी रहे और कोर्ट के दोनों हिस्सों में बराबर प्रहार किया। उन्होंने इस दौरान 35 विनर शॉट खेलते हुए हुआन को सीधे सेटों में मात दी।

जोकोविच ने जीत के बाद कहा, ₹कोर्ट पर, दर्शकों से और खुद से भी काफी ऊर्जा मिली। मैंने इसका आनंद लिया। यह टूर्नामेंट में अब तक का मेरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था।₹ उन्होंने अपनी फॉर्म पर कहा, "यह (फॉर्म) बिल्कुल सही समय पर लौटी है, क्योंकि मैं दूसरे सप्ताह में आ रहा हूं और जाहिर तौर पर एक और क्वार्टरफाइनल खेल रहा हूं। मैच कठिन होने वाले हैं। सामने बड़ी चुनौतियां हैं, लेकिन मैं जिस तरह से खेल रहा हूं और जिस तरह से महसूस कर रहा हूं, वह मुझे पसंद है, इसलिए मैं एक नई चुनौती के लिये तैयार हूं।"

क्वार्टरफाइनल में जोकोविच का मुकाबला रूस के कारेन खाचानोव से होगा, जो इटली के लोरेंज़ो सोनेगो को हराकर शीर्ष-आठ में आ रहे हैं। कोर्ट सूज़न-लेंगलेन पर खेले गये मुकाबले में 11वीं सीड खचानोव ने सोनेगो को 1-6, 6-4, 7-6 (9-7), 6-1 से हराकर क्वार्टरफाइनल में कदम रखा। खचानोव ने इससे पहले अमेरिकी ओपन 2022 और ऑस्ट्रेलियाई ओपन 2023 के क्वार्टरफाइनल में भी जगह बनायी थी।

खचानोव ने जीत के बाद कहा, ₹दूसरा सेट आधा समाप्त होने के बाद मैं सोच रहा था कि मैं यहां क्या कर रहा हूं। वह गेंद को कोर्ट के चारों ओर मार रहा था, लेकिन मैंने संघर्ष करने का फैसला किया। सोनेगो ने मुकाबले की मज़बूत शुरुआत करते हुए पहला सेट जीता, जबकि खचानोव को भी लय हासिल करने में समय लगाया। खचानोव ने दूसरे सेट में बेहतर प्रदर्शन करते हुए स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। तीसरे सेट में सोनेगो ने 4-0 की बढ़त बना ली, लेकिन लय बरकरार न रख पाने के कारण वह 5-6 से पिछड़ गये। खचानोव ने इसका फायदा उठाते हुए टाइब्रेकर में यह सेट जीत लिया। सोनेगो इससे उभर नहीं सके और चौथे सेट में सिर्फ एक गेम जीतने के कारण हारकर रोलां गैरो से बाहर हो गये। इसी बीच, एनेस्तेसिया पावल्युचेंकोवा ने चौथे दौर में बेल्जियम की एलिसे मर्टेन्स को 3-6, 7-6 (7-3), 6-3 से मात दी।

## कारोबार



### पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतों में लगातार जारी तेजी के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल की कीमतें आज भी स्थिर रही, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रहा। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर आज जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर सप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 2.52 प्रतिशत उबलकर 71.87 डॉलर प्रति बैरल पर और लंदन ब्रेंट क्रूड तेजी लेकर 76.13 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

देश के चार महानगरों में पेट्रोल और डीजल की कीमत इस प्रकार रहीः

| | पेट्रोल | डीजल (रुपये प्रति लीटर) |
|---|---|---|
| दिल्ली | 96.72 | 89.62 |
| मुंबई | 106.31 | 94.27 |
| चेन्नई | 102.73 | 94.33 |
| कोलकाता | 106.03 | 92.76 |

### इन्दौर. खाद्य तेलः मूंगफली तेल महंगा, सोयाबीन रिफाइंड में गिरावट

**इंदौर, (वार्ता)।** सप्ताहांत खाद्य तेलों में खरीदी सुस्ती से भाव ऊपर नीचे हुए। कारोबार में मूंगफली तेल ऊंचा तथा सोयाबीन रिफाइंड घटकर बिका। तिलहनों में भाव बने रहे। कपास्या खली सामान्य बताई गई। कारोबार की शुरूआत में मूंगफली तेल 1580 से 1600 रुपये प्रति किलोग्राम खुला जो शनिवार को 1600 से 1610 रुपये प्रति 10 किलोग्राम होकर बंद हुआ। सोयाबीन रिफाइंड 905 से 910 रुपये पर खुलकर 885 से 890 रुपये बिका। पाम तेल 935 से 940 रुपये खुलकर 900 से 905 होकर बंद हुआ। तिलहन जिन्सों में भाव नरमी लिए बताए गए। सरसों नीची बिकी। पशु आहार कपास्या खली में साधारण लिवाली रही।

### खाद्य तेलों में भारी गिरावट

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** विदेशी बाजारों के कमजोर रुझान के प्रभाव से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में 586 रुपये प्रति क्विंटल तक की भारी गिरावट रही। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा सप्ताहांत पर 177 रिंगिट गिरकर 3421 रिंगिट प्रति टन पर आ गया।

### विदेशी मुद्रा भंडार 4.34 अरब डॉलर घटकर 589.14 अरब डॉलर पर



मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में भारी कमी आने से 26 मई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.34 अरब डॉलर घटकर लगातार दूसरे सप्ताह गिरता हुआ 589.14 अरब डॉलर पर आ गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 6.1 अरब डॉलर गिरकर 593.5 अरब डॉलर रहा था।

रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 26 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.01 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 520.9 अरब डॉलर पर आ गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 22.5 करोड़ डॉलर कम होकर 44.9 अरब डॉलर रह गया। आलोच्य सप्ताह एसडीआर में 8.4 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह घटकर 18.2 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि 1.7 करोड़ डॉलर कम होकर 5.1 अरब डॉलर रह गया।

# संपादकीय

## ‘रेल कवच’ कहां गया?

यह अंतिम रेल सफर साबित हुआ। बीते 30 सालों में ऐसी घोर भयावह, जानलेवा, त्रासद रेल दुर्घटना नहीं देखी गई। ओडिशा के बालासोर जिले की रेल दुर्घटना अपनी किस्म की अभूतपूर्व त्रासदी है। वैसे यह तीसरा सबसे बड़ा, भयानक और त्रासद रेल हादसा है, क्योंकि तीन रेलगाडियों की टक्कर अभूतपूर्व और अकल्पनीय है। रेल आम आदमी का आसान और सुरक्षित सफर माना जाता रहा है। दुर्घटनाएं भी कम हुई हैं। लाखों यात्री हररोज रेल के जरिए ही आवागमन करते हैं। देश का रेल रूट 68,103 किलोमीटर लंबा है। हम विश्वस्तरीय रेलवे हैं। बालासोर हादसे में 288 मौतें हो चुकी हैं और 1116 लोग घायल हैं। अस्पतालों में उनका इलाज जारी है। करीब 56-58 यात्रियों की हालत गंभीर बताई गई है, लिहाजा मौत का आंकड़ा बढ़ सकता है। हावड़ा से चेन्नई जाने वाली कोरोमंडल एक्सप्रेस ट्रेन में और बेंगलुरू से हावड़ा जाने वाली दुरंतो सुपरफास्ट रेलगाड़ी में सवार यात्री आश्वस्त थे। कोई अपने घर, गांव जा रहा था, तो किसी को अपने गन्तव्य तक पहुंचना था। किसी के घर में समारोह था अथवा किसी को मुद्दत के बाद परिजनों से मिलना था। तीन रेलगाडियों की टक्कर ने सब कुछ चकनाचूर कर दिया। किसी की बाजू रह गई, किसी की टांग ही शेष रही, तो किसी का चेहरा ही विकृत हो गया।

यात्री बोगियों के बीच फंस गए, तो कुचले गए। टीवी चैनलों पर दृश्य देखे, तो मन विचलित हो उठा। वेदना ने तालू चिपका दिया। क्या भारतीय रेल इतनी असुरक्षित है? क्या किसी मानवीय चूक और मैकेनिकल नाकामी के कारण इतनी बड़ी और वीभत्स मानवीय त्रासदी हुई? क्या तकनीकी स्तर और रेलवे स्टेशन पर स्थित नियंत्रण-कक्ष की प्रौद्योगिकी में हम इतने अक्षम हैं कि रेल हादसे नहीं रोक सकते? इस हादसे पर ‘एंटी कोलिजन डिवाइस’ का मुद्दा पूर्व रेल मंत्री ममता बनर्जी ने उठाया है और विशेषज्ञ भी रेलवे के ‘सुरक्षा कवच’ पर सवाल कर रहे हैं। दरअसल यह ‘कवच’ 2020 में लागू किया गया था। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ‘कवच’ का परीक्षण और प्रयोग देखा था, तो खूब तालियां बजाई थीं और ‘कवच’ को संचालित करने वालों की पीठ थपथपाई थी। दरअसल इस ‘कवच’ की हकीकत यह है कि 31 दिसंबर, 2022 तक 1455 किलोमीटर रूट ही ‘कवच’ से कवर किया जा सका था। यानी 95 फीसदी से ज्यादा रेल रूट ‘कवचहीन’ है। देश में 13,215 रेल इंजन हैं। इनमें से सिर्फ 65 में ही ‘कवच’ की व्यवस्था है। रेल के 19 जोन में से 18 में एक भी ‘कवच’ सिस्टम नहीं है। विशेषज्ञ कह रहे हैं कि यदि ‘कवच’ होता, तो दूरंतो का इंजन 400 किमी पहले ही रुक जाता। रेल मंत्री के स्तर पर खूब दावे किए गए थे कि दो ट्रेन की संभावित टक्कर को यह ‘कवच’ रोक सकता है, क्योंकि इसकी प्रौद्योगिकी दुर्घटना को भांप लेती है और ट्रेन में स्वचालित ब्रेक लग जाते हैं। बहरहाल यह राजनीति और दोषारोपण का समय नहीं है। घोर त्रासद हादसा हुआ है।

## लॉजिस्टिक लागत घटने का सुकूनदेह परिदृश्य

डा. जयंतीलाल भंडारी




इस समय लॉजिस्टिक लागत से संबंधित विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में यह कहा जा रहा है कि भारत में लॉजिस्टिक लागत में कमी करके उत्पादकता और निर्यात तेजी से बढ़ाए जा सकते हैं। इसके साथ-साथ यातायात प्रबंधन में सुधार करके जहां लॉजिस्टिक लागत को और कम किया जा सकता है, वहीं समय व ऊर्जा की बचत करते हुए दुर्घटनाओं में भी कमी लाई जा सकती है। ऐसे में आम आदमी से लेकर संपूर्ण अर्थव्यवस्था को लाभान्वित किया जा सकता है। गौरतलब है कि देश में पिछले एक-दो वर्षों में लॉजिस्टिक लागत में कुछ कमी दिखाई देने लगी है। हाल ही में प्रकाशित विश्व बैंक के लॉजिस्टिक प्रदर्शन सूचकांक 2023 में भारत 6 पायदान की छलांग के साथ 139 देशों की सूची में 38वें स्थान पर पहुंच गया है। भारत 2018 में इस सूचकांक में 44वें तथा 2014 में 54वें स्थान पर था। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में अक्टूबर 2021 में घोषित पीएम गति शक्ति योजना और सितंबर 2022 में घोषित राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति (एनएलपी) के कार्यान्वयन और वर्ष 2020 से लागू उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) के प्रारंभिक अपेक्षित परिणामों से लॉजिस्टिक लागत में कमी आने का परिदृश्य निर्मित होने लगा है। ज्ञातव्य है कि विश्व बैंक के ताजा लॉजिस्टिक प्रदर्शन सूचकांक के तहत कुछ महत्वपूर्ण मापदंडों, बुनियादी ढांचे, अंतरराष्ट्रीय शिपमेंट और लॉजिस्टिक क्षमता संबंधी भारत की बढ़त दुनियाभर में रेखांकित हो रही है। आधुनिकीकरण व डिजिटलीकरण से भी भारत का लॉजिस्टिक प्रदर्शन बेहतर हुआ है।

सामान्यतया वस्तु के उत्पादन में कच्चे माल की लागत पहले क्रम पर और मजदूरी की लागत दूसरे क्रम पर होती है। फिर लॉजिस्टिक लागत का क्रम आता है। लॉजिस्टिक लागत का मतलब है उत्पादों एवं वस्तुओं को उत्पादित स्थान से गंतव्य स्थान तक पहुंचाने तक लगने वाले परिवहन, भंडारण व अन्य खर्च। लॉजिस्टिक लागत कम या अधिक होने में बुनियादी ढांचे की अहम भूमिका होती है। यदि सडक़ें बेहतर और अन्य बुनियादी ढांचे की सुविधाएं उपयुक्त हों तो तेजी से सामान पहुंचने, परिवहन संबंधी चुनौतियां और ईंधन की लागत कम होने से भी लॉजिस्टिक लागत कम हो जाती है।

यदि निर्धारित समय में बुनियादी ढांचे संबंधी परियोजनाएं पूरी हो जाती हैं तो भी लॉजिस्टिक लागत में कमी आती है। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार की गति शक्ति योजना करीब 100 लाख करोड़ रुपये की महत्त्वाकांक्षी परियोजना है जिसका लक्ष्य देश में एकीकृत रूप से बुनियादी ढांचे का विकास करना है। वस्तुतः देश में सडक़, रेल, जलमार्ग आदि का जो इंफ्रास्ट्रक्चर है, वह अलग-अलग 16 मंत्रालयों और विभागों के अधीन है, उनके बीच में सहकार व समन्वय बढ़ाना गति शक्ति योजना का मुख्य फोकस है। वस्तुतः नई लॉजिस्टिक पॉलिसी गतिशक्ति योजना की अनुपूरक है।

इसका प्रमुख लक्ष्य माल परिवहन की लागत घटाकर सभी प्रकार के उद्योग-कारोबार को बढ़ावा देना और वैश्विक व्यापार में भारत की हिस्सेदारी बढ़ाना भी है। देश में नई लॉजिस्टिक नीति के जरिए अगले 10 सालों में लॉजिस्टिक्स सेक्टर की लागत को 10 प्रतिशत तक लाया जाएगा। चूंकि वर्तमान में लॉजिस्टिक्स का ज्यादातर काम सडक़ों के जरिए होता है, अतएव अब नई नीति के तहत रेल ट्रांसपोर्ट के साथ-साथ शिपिंग और एयर ट्रांसपोर्ट पर जोर दिया जा रहा है।

लगभग 50 प्रतिशत कार्गो को रेलवे के जरिए भेजे जाने का लक्ष्य आगे बढ़ाया जा रहा है और सडक़ों पर ट्रैफिक को कम किया जा रहा है। देश में बुनियादी ढांचे का तेजी से निर्माण होने लगा है। ऐसे में इंजीनियरिंग, डिजिटलीकरण और बहु-साधन परिवहन जैसे क्षेत्रों पर जोर देकर माल ढुलाई क्षमता में सुधार की ओर कदम बढ़ा दिए गए हैं। इस समय केंद्र सरकार सडक़ और रेल मार्ग, दोनों में सुधार पर ध्यान दे रही है।

## सावन कृपाल रूहानी मिशन ने ‘विश्व पर्यावरण दिवस’ पर किया 7500 पौधों का वितरण

परम पूजनीय संत राजिन्दर सिंह जी महाराज की अध्यक्षता में कार्यरत सावन कृपाल रूहानी मिशन ने विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण और पौधों के वितरण अभियान की शुरूआत की। जिसके अंतर्गत पर्यावरण की सुरक्षा के लिए जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से कृपाल बाग, दिल्ली में 7500 पौधों का समस्त संगत में वितरण किया गया।







इस अवसर पर संत राजिन्दर सिंह जी महाराज और माता रीटा जी ने स्वयं अपने कर-कमलों से पौधारोपण कर सभी को अपने पर्यावरण की देखभाल करने के लिए भी प्रेरित किया। विश्व पर्यावरण दिवस पर संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने अपने खास संदेश में कहा कि जब हम आध्यात्मिक रूप से उन्नति करते हैं, तब हम अन्य जीवों के प्रति जागरूक हो जाते हैं, चाहे वह पेड़-पौधे हों या अन्य जीव-जंतु। ऐसे में हम उन सभी की ज्यादा से ज्यादा देखभाल करना शुरू कर देते हैं। उन्होंने आगे कहा कि जैसे ही हम अपने अंदर सद्गुणों को ढालते हैं और ध्यान-अभ्यास द्वारा ज्योति और श्रुति के सपंर्क में आते हैं तो हमारे अंदर की खामियां और विकार हमसे दूर होने लगते हैं। जिससे कि हम अपने असली रूप यानि आत्मा को जानने लगते हैं। पर्यावरण शोधकर्ता जो अपने कर्तव्यों के प्रति बहुत दृढ़ संकल्प होते है, वह पृथ्वी के पर्यावरण की स्वच्छता और देखभाल के लिए समर्पित होते हैं। वे चाहते हैं कि हम किसी भी तरह से प्रकृति के साथ तालमेल बनाकर जियें। ठीक इसी प्रकार जो व्यक्ति अपने आपको आत्मिक स्तर पर जानकर पिता-परमेश्वर का अनुभव कर चुका है, वह अपना जीवन जिम्मेदारी की भावना से जीता है। एक बार जब हम अपने अंदर समस्त सृष्टि के लिए प्रेम की भावना को बढ़ाते हैं, तब हम घास के एक तिनके में भी पिता-परमेश्वर की झलक देखते हैं। आज जब हम विश्व पर्यावरण दिवस मना रहे हैं तो आईये हम सब ध्यान-अभ्यास में अधिक से अधिक समय दें ताकि हम पिता-परमेश्वर की दी गई आत्मिक सुदंरता को अनुभव करें। यदि हम इसको अपने अंदर विकसित कर लेते हैं तो जो भी हमारे संपर्क में आता है, वह भी इन आध्यात्मिक खुशियों को महसूस करता है। इस तरह हम प्रभु के प्रेम को पृथ्वी के सभी जीवों में बिखेरते हैं।

सावन कृपाल रूहानी मिशन मानव-सेवा के प्रति समर्पित संस्था है जो नियमित रूप से मानव-कल्याण के लिए अनेक प्रकार के कार्यां को संचालित करती है। जिसके अंतर्गत सावन कृपाल रूहानी मिशन द्वारा संत दर्शन सिंह जी धाम, बुराड़ी में 1000 बैड कोविड केयर सुविधाओं के साथ तैयार किये गए हैं। इसके अलावा यहां नेत्र जांच शिविर, आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को निःशुल्क शिक्षा और खाद्य सामग्री वितरण के साथ-साथ अनेक प्रकार की समाज-कल्याण गतिविधियों को चलाया जाता है। मानव-कल्याण के लिए चलाई जाने वाली सभी प्रकार की गतिविधियां सावन कृपाल रूहानी मिशन द्वारा मुफ्त आयोजित की जाती हैं जोकि समाज में निष्काम सेवा की भावना को बढ़ावा देती हैं। सावन कृपाल रूहानी मिशन के अध्यक्ष संत राजिन्दर सिंह जी महाराज आज संपूर्ण विश्व में ध्यान-अभ्यास द्वारा प्रेम, एकता व शांति का संदेश प्रसारित कर रहे हैं, जिसके फलस्वरूप उन्हें विभिन्न देशों द्वारा अनेक शांति पुरस्कारों व सम्मानों के साथ-साथ पाँच डॉक्टरेट की उपाधियों से भी सम्मानित किया जा चुका है। सावन कृपाल रूहानी मिशन के संपूर्ण विश्व में लगभग 3200 से अधिक केन्द्र स्थापित हैं तथा मिशन का साहित्य विश्व की 55 से अधिक भाषाओं में प्रकाशित हो चुका है। इसका मुख्यालय विजय नगर, दिल्ली में है तथा अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय नेपरविले, अमेरिका में स्थित है।


**वैद्यानिक सूचना**

**उत्तराखंड प्रहरी** के संपादन में हम प्रयासरत है कि हमारी ओर से खबर में किसी भी प्रकार की कोई त्रुटि न हो। हमारी कोशिश है कि अखबार में छपी किसी खबर, रिपोर्ट, फीचर या लेख से व्यक्ति विशेष, संगठन या समुदाय की भावना को ठोस न पहुंचे। **उत्तराखंड प्रहरी** में प्रकाशित लेख, विश्लेषण और साभार, ली गई सामग्री के विचार संबंधित लेखकों और रचनाकारों के निजी विचार हैं, न कि अखबार के। अतः सभी पाठकों से आग्रह है कि वे किसी सूचना, समाचार, विज्ञापनों आदि के आधार पर कोई फैसला करने से पहले तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। उसके लिए किसी भी प्रकार से लेखक, संपादक, प्रकाशक, प्रिंटर या विक्रेता को उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता है। तथा किसी भी कारोबारी और निज निर्णय के लिए **उत्तराखंड प्रहरी** जिम्मेवार नहीं होगा।

उत्तराखंड प्रहरी छोटी खबरें



## ग्रामीणों की पिटाई के बाद बिछी लाशें; हथियारबंद बाइकर्स ने बोल दिया धावा, 30 की मौत

**लागोस।** नाइजीरिया के पश्चिमोत्तर राज्य सोकोतो में में हथियारबंद लोगों के हमलों में कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने सोकोटो में कहा कि मारे गए लोग तांगाज़ा क्षेत्र में एक सतर्कता समूह के सदस्य थे। समूह के कुछ सदस्य संभावित हिंसा के खिलाफ समुदाय को चेतावनी देने के लिए इलाके के आजम गांव गए। एक बयान में कहा गया है कि सतर्कता सदस्यों ने वहां कुछ ग्रामीणों की पिटाई कर दी। इस पर ग्रामीणों की सहायता के लिए 20 मोटरसाइकिलों पर सवार हथियारबंद लोग वहां पहुंचे। इसके बाद सतर्कता समूह के लोग विभिन्न गांवों में चले गए। बयान में कहा गया है कि हथियारबंद लोगों ने निगरानी सदस्यों का पीछा किया और राका में आठ, बिलिंगवा में सात, जबा में छह, दबगी में चार, राका दुत्से में तीन और त्सालेवा गांव में दो लोगों को मार डाला।

## भाजपा के स्वामी बोले फौरन इस्तीफा दें रेलमंत्री

नई दिल्ली। बालासोर ट्रिपल ट्रेन एक्सिडेंट के बाद पूर्व सांसद और भाजपा नेता सुब्रह्मण्यन स्वामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला है। स्वामी ने हादसे के के लिए रेल ट्रैक को जिम्मेदार बताते हुए कहा कि रेल मंत्री को बिना प्रधानमंत्री की हां का इंतजार किए हर हाल में इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री पर हमला बोलते हुए कहा कि इसमे कोई संदेह नहीं है कि पीएम मोदी अक्षम लोगों की भर्ती करने या फिर बिना रीढ़ वाले सक्षम चेलों को मंत्री बनाने के लिए दुनियाभर में मशहूर हैं।

# 'बालासोर रेल दुर्घटना की सीबीआई के साथ सीआरएस जांच भी होगी'

**नयी दिल्ली/भुवनेश्वर(वार्ता)।** सरकार ने ओडिशा के बालासोर जिले में शुक्रवार शाम को हुई रेल दुर्घटना के कारणों की जांच केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से कराने का फैसला किया है। सरकार ने यह भी साफ किया कि सीबीआई जांच के साथ साथ रेल संरक्षा आयुक्त की जांच भी चलेगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज यहां संवाददाताओं से कहा, "जिन परिस्थितियों में यह दुर्घटना हुई है और अब तक जो भी सूचनाएं रेलवे एवं प्रशासन की ओर से प्राप्त हुईं हैं। उसे देखते हुए आगे की जांच के लिए पूर मामले को सीबीआई को देने का फैसला किया जा रहा है।"



अधिकारियों के अनुसार इस बारे में रेलवे बोर्ड जल्द ही कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग को एक पत्र भेजने वाला है और इसके बाद सीबीआई जल्द से जल्द जांच शुरू कर देगी। अधिकारियों के मुताबिक रेल संरक्षा आयुक्त की जांच भी जारी रहेगी क्योंकि यह वैधानिक अनिवार्यता है। नयी दिल्ली में रेलवे बोर्ड की सदस्य (परिचालन एवं व्यापार संवर्धन) श्रीमती जया वर्मा ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि घटना में खामियों का पता लग गया है और दोषियों की भी पहचान हो गयी है लेकिन सीआरएस जांच के बाद ही उसे सार्वजनिक किया जाएगा।

रेलवे के सूत्रों से पता चला है कि बहनगा स्टेशन पर रिले रूम खुला मिला था जो एक बहुत अहम संरक्षा चूक है। सामान्यतः रिले रूम सिगनल एवं टेलीकॉम (एस एंड टी) स्टॉफ के जिम्मे होता है लेकिन इसका ताले की दो चाबियां होतीं हैं। एक चाबी स्टेशन मास्टर के पास होती है और दूसरी चाबी एस एंड टी स्टॉफ के पास होती है। नियम के अनुसार रिले रूम तब ही खोला जाता है जब कोई ट्रेन परिचालन नहीं हो रहा हो। यदि ट्रेन परिचालन के वक्त रिले रूम खोलने की जरूरत पड़े तो एस एंड टी स्टॉफ मूवमेंट ऑथोराइज़ेशन रजिस्टर में हस्ताक्षर कराया जाता है और लिखवाया जाता है कि रिले रूम खुले रहने की स्थिति में ट्रेन का सुरक्षित परिचालन हो सकता है।



## प्रधानमंत्री ने सुलोचना दीदी के निधन पर व्यक्त किया शोक

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को हिंदी और मराठी की प्रसिद्ध अभिनेत्री सुलोचना लाटकर के निधन पर शोक व्यक्त किया है। मोदी ने ट्वीट कर कहा, "सुलोचना जी के निधन से भारतीय सिनेमा में एक बड़ा खालीपन पैदा हो गया है। उनके अविस्मरणीय प्रदर्शन ने हमारी संस्कृति को समृद्ध किया और उन्हें कई पीढ़ियों के लोगों का प्रिय बना दिया। उनके अभिनय के माध्यम से उनकी सिनेमाई विरासत जीवित रहेगी। उनके परिवार के प्रति संवेदनाएं। ओम शांति।" उल्लेखनीय है कि पद्मश्री और महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार से सम्मानित 94 वर्षीय सुलोचना दीदी का दादर के एक निजी अस्पताल में आज निधन हो गया।

## आगे पढ़ना चाहती थी इसलिए पुलिस को फोन कर नाबालिग ने अपना विवाह रुकवाया

**इलुरु।** आंध्र प्रदेश में एक लड़की पढ़ लिख कर कुछ बनना चाहती थी लेकिन घर वाले उसकी शादी करने पर अड़े थे। घर वालों के अपनी जिद पर अड़े रहने के कारण आखिरकार लड़की ने शादी से तीन दिन पहले महिला पुलिस हेल्पलाइन दिशा को फोन किया और अपनी शादी रुकवा दी। लड़की इलुरु जिले के कमवरापुकोटा के वेंकटरपुरम की रहने वाली है और उसके माता-पिता ने आठ जून (बृहस्पतिवार) को उसकी शादी तय की थी। सोमवार को पुलिस विभाग द्वारा साझा प्रेस नोट में कहा गया है, लड़की ने कहा कि वह पढ़ाई जारी रखना चाहती है और शादी नहीं करना चाहती। इसलिए उसने महिला पुलिस हेल्पलाइन दिशा एसओएस पर फोन किया और रोने लगी। फोन पर बात करने के कुछ ही मिनट बाद तलिकड़ापुली से पुलिस लड़की के घर पहुंच गई। लड़की ने शिकायत की कि उसके परिजन ने उसकी इच्छा के विरुद्ध उसकी शादी तय कर दी है। नाबालिग लड़की ने पुलिस को बताया कि वह अच्छे अंकों से 10वीं कक्षा पास कर चुकी है और कम से कम स्नातक तक की पढ़ाई करना चाहती है।

लड़की ने शिक्षापूरी करने के बाद अपने परिजन के निर्देशों के अनुसार शादी करने का वादा किया। बाद में, पुलिस ने लड़की के माता-पिता को सलाह दी कि उसके उत्साह और इंटरमीडिएट परीक्षा में उसके अच्छे अंकों को देखते हुए उसकी पढ़ाई को बीच में रोकना ठीक नहीं है। पुलिस के समझाने बुझाने के बाद उसके माता-पिता मान गए और उच्च शिक्षा प्राप्त करने में अपनी बेटी का समर्थन का वादा करते हुए उसकी शादी रद्द कर दी। पुलिस के मुताबिक, माता-पिता अपनी बेटी की जल्द शादी इसलिए करना चाहते थे क्योंकि वे उसकी पढ़ाई का खर्च नहीं उठा सकते थे।



# न्यूयार्क में राहुल गांधी ने किया बड़ा दावा; कांग्रेस नहीं, भारत के लोग ही भाजपा को चटाएंगे धूल

**न्यूयार्क।** अमरीकी दौर के दौरान वाशिंगटन और सैन फ्रांसिस्को के बाद न्यूयार्क पहुंचे राहुल गांधी ने फिर भाजपा सरकार को निशाने पर लिया है। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस-यूएसए द्वारा आयोजित कार्यक्रम में राहुल गांधी ने कहा कि कर्नाटक में जिस तरह से कांग्रेस पार्टी ने भाजपा को धूल चटाई है, उसी तरह से तेलंगाना और अन्य राज्यों में भी कांग्रेस, भाजपा को हराएगी। राहुल गांधी ने कहा कि न सिर्फ कांग्रेस पार्टी बल्कि देश के लोग भाजपा की नफरत भरी विचारधारा को हराएंगे। हमने कर्नाटक में यह करके दिखाया है कि हम भाजपा को हरा सकते हैं। हमने न सिर्फ भाजपा को हराया, बल्कि उसे धूल में मिला दिया। कर्नाटक चुनाव में भाजपा ने सारे उपाय किए। उनके पास मीडिया था, हमारे मुकाबले 10 गुना ज्यादा पैसे थे, एजेंसियां थीं, लेकिन उसके बावजूद हमने उन्हें हरा दिया। मैं बताना चाहता हूं कि अब तेलंगाना के चुनाव में भी हम उन्हें हराएंगे।



चुनाव के बाद तेलंगाना में भाजपा को ढूंढना मुश्किल हो जाएगा। अपने संबोधन में राहुल गांधी ने कहा कि न सिर्फ तेलंगाना में बल्कि राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में भी हम कर्नाटक जैसा प्रदर्शन करेंगे। यह सिर्फ कांग्रेस पार्टी नहीं है, जो भाजपा को हराएगी, बल्कि ये भारत के लोग हैं, मध्य प्रदेश के लोग हैं, तेलंगाना, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के लोग हैं, जो भाजपा को हराएंगे। भारत समझ चुका है कि जिस तरह से भाजपा समाज में नफरत बढ़ा रही है, उससे देश आगे नहीं बढ़ सकता। राहुल गांधी ने 2024 के लोकसभा चुनाव में भी जीत दर्ज करने का दावा किया। राहुल गांधी ने कहा कि विपक्ष एकजुट है। यह विचारधारा की लड़ाई है, एक तरफ भाजपा की बांटने वाली विचारधारा है और दूसरी तरफ कांग्रेस की एकता और प्यार बढ़ाने वाली विचारधारा है। भाजपा ने कर्नाटक में भी ध्रुवीकरण की कोशिश की थी, खुद प्रधानमंत्री ने ऐसा करने की कोशिश की, लेकिन इसने काम नहीं किया। कर्नाटक का चुनाव बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर लड़ा गया और हमने भाजपा को धूल चटा दी। इस कार्यक्रम में भारतीय मूल के समुदाय के अलावा न्यूयार्क के मेयर एरिक एडम्स भी मौजूद थे।

# चीन-अमरीका में युद्ध हुआ, तो मचेगी तबाही, सिंगापुर में चीनी रक्षा मंत्री ली शांगफू ने तनातनी के बीच तोड़ी चुप्पी

**सिंगापुर।** चीन के डिफेंस मिनिस्टर ली शांगफू ने अमरीका से चल रही तनातनी के बीच सिंगापुर में चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने दोनों देशों के बीच बातचीत की अहमियत पर जोर देने की बात कही है। शांगफू ने कहा कि अगर चीन और अमरीका में लड़ाई हुई तो पूरी दुनिया में खतरनाक तबाही मचेगी। शांगरी-ला डायलॉग में उन्होंने कहा कि चीन और अमरीका के बीच का फर्क इतना बड़ा नहीं होना चाहिए की वो किसी मुद्दे पर सहमत नहीं हो पाएं। रविवार को शांगफू का ये कमेंट उस समय आया है जब अमरीकी सेना ने चीनी सेना पर उसके डिस्ट्रोयर के पास असुरक्षित पैंतरेबाजी करने के आरोप लगाए हैं। चीन के रक्षा मंत्री ने शांगरी-ला सिक्योरिटी डायलॉग में शीत युद्ध और नाटो पर अपनी बात रखी। एशिया में नाटो जैसे संगठन बनाने पर चेतावनी दी। इस दौरान शांगफू का इशारा अमरीका की ओर था। शांगफू ने कहा कि एशिया-पैसिफिक में नाटो जैसे मिलिट्री संगठन खड़े करने से पूरा इलाका लड़ाइयों और विवादों में फंसकर रह जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे संगठन बनाने की कोशिशों कर एशियाई देशों की किडनैपिंग की जा रही है। वहीं अमरीका का



नाम लिए बिना शांगफू ने कहा कि वो कुछ देश दूसरों के मामले में दखलअंदाजी कर हथियारों की रेस को बढ़ावा दे रहे हैं। अमरीका की शीत युद्ध की मानसिकता फिर हावी हो रही है। चीन के रक्षा मंत्री शांगफू से पहले शनिवार को शांगरी ला डायलॉग में अमरीका के डिफेंस मिनिस्टर लॉयड ऑस्टिन ने कहा था कि चीन के बातचीत नहीं करने की वजह से दोनों देशों के बीच ताइवान, साउथ चाइना सी को लेकर जारी गतिरोध खत्म नहीं हो पा रहा है। वहीं, चीन ने अमरीका से बातचीत को लेकर एक शर्त रखी है। जिसमें वो चाहते हैं कि वॉशिंगटन सीधे संकेत दे कि एशिया में उनका रवैया कम टकराव वाला रहेगा।

# आवासीय प्लाट दिलाने के नाम पर कंपनी डायरेक्टर और पार्टनरों पर लगाए आरोप

## शांतरशाह गांव का मामला, पुलिस प्रशासन और एचआरडीए पर लगाया मिलीभगत का आरोप

उत्तराखंड प्रहरी




**हरिद्वार।** थाना बहादराबाद क्षेत्र के शांतरशाह के निकट क्रिस्टलवर्ड के पीछे संतुर सिटी, हर-हर गंगे एवं आदियोग बिहार के नाम से कालोनी में आवासीय प्लाट दिलाने के नाम एक कंपनी के डायरेक्टर और उसके पार्टनरों पर करोड़ों रूपये हड़पने का आरोप लगा है। पीड़ितों ने कार्रवाई न होने पर पुलिस प्रशासन और एचआरडीए पर मिलीभगत का आरोप लगाया है। सोमवार को प्रेस क्लब में पत्रकारों से मुखातिब होते हुए पीड़ित विपिन त्यागी ने कहा कि कंपनी के डायरेक्ट कुलदीप नंदराज योग, पार्टनर अंजली त्यागी, सैक्की त्यागी, शेखर आदि ने हरिद्वार में आवासीय प्लाट दिलाने के नाम पर कई लोगों से धोखाधड़ी की है।

तकरीबन 1200 लोगों के पास प्लाट की रजिस्ट्री है और 5000 लोगों से ज्यादा पार्ट पेमेंट वसूल किया गया है पर कब्जा किसीको नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार तकरीबन 1500 करोड़ से ऊपर की धांधली की गई है जिसकी शिकायत सभी लोगों ने अपने-अपने तौर पर सीएम से लेकर डीएम तक सभी जगह की गई है। अलग-अलग जिलों में की गई है लगभग 80 से ज्यादा मुकदमे लंबित है। कहा कि कंपनी लगभग 600 लोगों ने प्लाट खरीदे, लेकिन कब्जा न मिलने के बाद लोगों ने मामले दर्ज कराए। आरोपी के खिलाफ लगभग 80 मुकदमें दर्ज हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से उक्त मामले में आरोपियों के खिलाफ जल्द कोई कार्यवाही नहीं की गई तो पीड़ित धरना प्रदर्शन और आत्मदाह करने को बाध्य होंगे।

उन्होंने जिलाधिकारी हरिद्वार से उक्त मामले में एसआईटी गठित करने और नई रजिस्ट्री पर पाबंदी लगाए जाने की मांग की है। हमारी उत्तराखंड सरकार, मुख्यमंत्री जिला प्रशासन से मांग है कि एसआईटी का गठन कर जांच कराई जाए, अभियुक्तों को अरेस्ट किया जाए व पीड़ितों पेंशनरों जिन्होंने अपने खून पसीने की सारी कमाई यहां लगा दी को न्याय दिलाया जाए। प्रेस वार्ता में विपिन त्यागी, प्रवीण शर्मा, नीलम कुमारी उपाध्याय, निश्चल, सीमा शर्मा, अनिल गोयल, शोभा, अमित गोयल, आजाद सिंह, अरुणा गुप्ता, मंजू त्यागी, बालेश्वर दयाल, रवि केसवानी, बीरबल अग्रवाल, अंकुर मित्तल, राजाराम चौहान, सेवाराम, शक्ति सिंह, महेश दत्त, अनिल बंसल, विनोद कुमार त्यागी, महेश चंद्र शर्मा, पंकज झा, कांता प्रसाद सहित अनेकों पीड़ित उपस्थित रहे।



# होमगार्ड के आश्रित को प्रदान किया 30 लाख रूपये का दुर्घटना बीमा का चेक

### ड्यूटी के दौरान वाहन दुर्घटना में हुई थी मौत

**हरिद्वार,(उत्तराखंड प्रहरी)।** पिछले वर्ष ड्यूटी के दौरान वाहन दुर्घटना में होमगार्ड सतीश कुमार की मृत्यु हुई थी। जिसमें सोमवार को जिला कमांडेंट होमगार्ड कार्यालय हरिद्वार ने उनके आश्रित को दुर्घटना बीमा राशि का 30 लाख रूपये का चेक प्रदान किया है। जिला कमांडेट गौतम कुमार ने बताया कि कमांडेट जनरल होमगार्डस केवल खुराना के प्रयासों के बाद एक्सिस बैंक रूड़की की ओर से विभाग के साथ गए अनुबंध की शर्तों के मुताबिक मृतक आश्रिम राहुल कुमार दुर्घटना बीमा राशि का 30 लाख का चेक प्रदान किया गया है। इस अवसर जिला कमांडेट गौतम कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कमरूज्जमों, शहजाद अली, गौरव शर्मा, राहुल कुमार, नितिन कुमार, अजय पाल सिंह, गोपाल चंद्र, काजल अग्निहोत्री आदि मौजूद रहे।

## मेरठ : दारोगा की पिस्टल छीनकर भागा बदमाश पुलिस मुठभेड़ में घायल

**मेरठ (उप्र)।** मेरठ जिले के इंचौली थाना क्षेत्र में एक आपराधिक मुकदमे में मोबाइल बरामद करने के लिए ले जाए जा रहे बदमाश ने पुलिस उप-निरीक्षक (दारोगा) की पिस्टल छीनकर फरार होने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने पीछा कर एक मुठभेड़ के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ में पैर में गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। पुलिस के अनुसार दारोगा की पिस्टल छीनकर भाग रहे चिंदौड़ी निवासी बदमाश सूरज को पकड़ने के लिए पीछा किया गया और जलालपुर-मीठेपुर मार्ग पर बदमाश पुलिस मुठभेड़ में पैर में गोली लगने से घायल हो गया। घायल बदमाश को पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, दौराला में उपचार के लिए भर्ती कराया। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) कमलेश ठाकुर ने सोमवार को बताया कि 31 मई को लावड़ कस्बे के कपड़ा व्यापारी से लॉरेंस विश्नोई गैंग के शूटर सनी काकरन व अतुल जाट के गुर्गों ने पांच लाख की रंगदारी मांगी थी।



# छात्राओं को ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों से न सिर्फ कौशल विकास होता है बल्कि स्वरोजगार के अवसर प्राप्त होते है : नेगी

उत्तराखंड प्रहरी, संवाददाता

**डोईवाला।** ग्लोबल शिक्षण एवं सेवा संस्था भानियावाला में उत्तराखंड बहुउद्देशीय वित्त एवं विकास निगम की ओर से 20 अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राओं के लिए छःमाह का डिप्लोमा इन इन्डस्ट्रियल एकाउन्टिग विद् टैली कोर्स का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सभासद नगरपालिका डोईवाला नीलम नेगी एवं अति विशिष्ट अतिथि हरिद्वार संसाद प्रतिनिधि रविन्द्र बेलवाल के द्वारा किया गया, इस अवसर पर सभासद नीलम नेगी ने सभी छात्र-छात्राओं को कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों से न सिर्फ कौशल विकास होता है बल्कि रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर भी प्राप्त होते है और साथ ही साथ यह एकेडमिक स्तर को भी बढाने का काम करते है समय का सदुपयोग कर इस प्रकार कि योजनाओं का पूर्ण लाभ लेना चाहिये तभी सरकार की योजनायें सफल होती है। संसाद प्रतिनिधि रविन्द्र बेलवाल ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी और कहा कि इन योजनाओं द्वारा सरकार का मुख्य उद्देश्य रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ना है। संस्थान के चेयरमेन बी०एस० राणा ने कहा कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राओं का रोजगार से जोड़ने के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनाना भी है। कार्यक्रम में सभी छात्र-छात्राओं को किताबें भी बाँटी गई। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान नरेन्द्र सिंह नेगी, संस्थान के सागर गुसाँई, रिचा नेगी, अखिलेश कुमार, सीमा, अंशिका, मुस्कान, आदि मौजूद थे।

# महंत दर्शन दास महाराज ने दिया माफीनामा, दूसरे गुट का कमजोर हुआ दावा

उत्तराखंड प्रहरी, संवाददाता

**हरिद्वार।** श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन के संतों के बीच चल रहे विवाद में संतों के दोनों गुटों का कुछ न हो, किन्तु इस मामले में नेताओं को बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है। वर्तमान में भले ही ऐसे हालात नजर न आ रहे हों, किन्तु कुछ समय बाद संतों के दोनों धड़े एक हो जाएंगे। वहीं इस मामले में निष्कासित किए गए महंत दर्शन दास महाराज द्वारा माफीनामा दिए जाने से दूसरे गुट का दावा कमजोर हुआ है। उधर सूत्र बताते हैं कि अखाड़े के खातों को भी फ्रिज कर दिया गया है।

हालांकि अखाड़े से संतों के निष्कासन के बाद मामला अब कोर्ट में पहुंच गया है। जहां निष्कासित संत प्रक्रिया को गलत बता रहे हैं वहीं एक गुट प्रक्रिया को अखाड़े के संविधान के अनुरूप अपनाई गई प्रक्रिया करार दे रहा है। बहरहाल इस मामले में क्या होगा, इसका फैसला अब कोर्ट ही करेगा। अखाड़ा सूत्र बताते हैं कि विवाद की असली वजह अखाड़े के पास बेशकीमती अकूत सम्पत्ति है। जिस पर कुछ नेताओं और भूमाफियाओं की नजर गढ़ी है। इतना सब होने के बाद भी नेताओं का अखाड़े के प्रति मोह छूटने का नाम नहीं ले रहा है। देर रात तक होने वाली बैठकें इसी ओर इशारा कर रही है। उधर निष्कासित किए गए महंत व कोठारी को अखाड़े का स्थान खाली करने के स्थानीय संचालन समिति के संतों द्वारा अल्टीमेटम दे दिए जाने से मामला और पेचीदा हो गया है।

जहां समिति के संत स्थान खाली करने का दवाब बना रहे हैं तो दूसरा गुट कमरा खाली करने के लिए राजी नहीं है। ऐसे में स्थानीय समिति यदि कोई कठोर निर्णय लेती है तो विवाद का बढ़ना तय है। उधर विवाद को हवा देकर अपना उल्लू सीधा करने में नेता लगे हुए हैं।

वहीं संतों के एक धड़े द्वारा प्रधानमंत्री, गृहमंत्री व उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर भाजपा नेताओं व भूमाफियाओं द्वारा अखाड़े के आंतरिक मामले में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाने के बाद नेताओं की मुश्किलें भी बढ़ सकती है। सूत्र बताते हैं कि लापता हुए कोठारी महंत मोहन दास महाराज मामले की सीबीआई जाचं की मांग कर संतों ने बड़ा खेल खेला है। सूत्रों के मुताबिक अखाड़े में चर्चा है कि पूर्व में मोहन दास मामले में सीबीआई जांच को करवाने से इंकार करने वाले मोहन दास के राजदार हो सकते हैं।


श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन निर्वाण
राजघाट कनखल, जिला हरिद्वार (उत्तराखण्ड)

**अखाड़ा सूत्र बताते हैं कि विवाद की असली वजह अखाड़े के पास बेशकीमती अकूत सम्पत्ति है।**

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक/संपादक- विकास गर्ग ने भगवती प्रिंटिंग प्रेस, इंडस्ट्रियल एरिया, हरिद्वार उत्तराखंड से मुद्रित करवाकर 54 आवास विकास, विवेक विहार, रानीपुर मोड़, हरिद्वार उत्तराखंड से प्रकाशित किया।
प्रकाशक / संपादक : विकास गर्ग- फोन : 9897766448, : मुख्य संपादक / सुमित तिवारी- फोन : 8077771906 : Email : uttarakhandprahari19@Gmail.com